विवाद नाहक
पेज 6 सुशांत को याद कर भावुक हुईं कृति सेनन

दैनिक पूर्वोदय
सही दिशा, सही खबर
A ROYAL GROUP PUBLICATION
वर्ष : 16, अंक : 102, विक्रम सं. 2077, श्रावण मास, शुक्ल पक्ष 8, गुवाहाटी
2020, dainikpurvoday.com गुवाहाटी-जोरहाट से एक साथ प्रकाशित

# हजारों बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई गई राहत सामग्री

पूर्वोदय संवाददाता

गुवाहाटी, 27 जुलाई। राज्य में आई प्रलयंकारी बाढ़ की चपेट में आकर लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। कई गांवों की हालत तो इतनी बुरी है कि लोगों के पास खाने को दाना तक नहीं है। प्राकृतिक आपदा के समय ग्रामीणों की इस पीड़ा को समझते हुए हिंदुजा फाउंडेशन, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड व मुकुल माधव फाउंडेशन नामक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री पहुंचाई गई।

विशेष रूप से बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित मोरीगांव व बरपेटा जिले के कई गांव पूरी तरह पानी की चपेट में आ चुके हैं। फिनोलेक्स के डीलर व प्रतिनिधियों ने इन दोनों जिलों के करीब 10000 लोगों के लिए सूखे राशन की किट उपलब्ध कराई। प्रत्येक किट में चावल, मूंग दाल, मसूर दाल, नमक, चीनी, तेल, सूजी, बिस्कुट, हल्दी, फेस मास्क आदि मौजूद हैं। इस मौके पर मुकुल माधव फाउंडेशन की प्रबंध न्यासी श्रीमती रितु प्रकाश छाबड़िया ने कहा कि असम जहां बाढ़ से जूझ रहा है, वहीं बंगाल व महाराष्ट्र को तूफान से भारी तबाही का सामना करना पड़ा है। असम में बाढ़ ने जिस कदर कहर बरपाया है, उससे लोगों को उबरने में काफी समय लगेगा। ऐसे में हिंदुजा फाउंडेशन व फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से जो सहयोग भरा हाथ बढ़ाया गया है उससे असम के बाढ़ प्रभावित इलाके के ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।